www.prepp.in

No. of Printed Pages : 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

# 2006

## विधि

### प्रश्नपत्र-II

## LAW

### Paper-II

*निर्धारित समय : तीन घंटे]* *[पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

नोट : (i) *प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं । शेष प्रश्नों में से प्रत्येक भाग से कम से कम **एक** प्रश्न का चयन करते हुए किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुल **पाँच** प्रश्न करने हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सम्मुख अंकित हैं ।*

*Note :* (i) *Question Nos. 1 and 5 are compulsory. Attempt **three** questions from the remaining ones, selecting at least **one** question from each Part. In all, **five** questions are to be answered.*

(ii) *Marks carried by each question have been indicated against the question.*

### भाग - अ

### PART – A

1. (अ) दुष्कृत में त्रुटि के आधार पर दायित्व के अर्थ एवं इसके विस्तार की चर्चा कीजिए । **10**

(ब) दहेज निषेध विधि बिना दायित्व के उल्लंघन के लिए अधिक जानी जाती है, अपेक्षाकृत उसके मानने के लिए । टिप्पणी कीजिए । **10**

(स) देवीकृत कभी भी न तो एक अच्छा प्रतिवाद रहा है और न है । टिप्पणी कीजिए । **10**

(द) प्रत्येक लूट में या तो उद्दापन होता है या चोरी । समझाकर लिखिए । **10**

(a) Discuss meaning and scope of liability based on fault in tort.

(b) Dowry prohibition law is known more for violation without liability than for observance. Comment.

(c) Act of God has not and has never been a good defence. Comment.

(d) In every robbery there is either theft or extortion. Explain.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

2. (अ) प्रतिनिधिक दायित्व के एक आवश्यक तत्त्व के रूप में कथन "सेवा काल के दौरान" को समझाकर लिखिए । 20

(ब) उन परिस्थितियों को समझाकर लिखिए जिनमें सदोष मानववध हत्या नहीं माना जाता । 20

(a) Explain the meaning of the expression "in course of employment" as an essential element of vicarious liability.

(b) Explain the circumstances under which a culpable homicide does not amount to murder.

3. (अ) चोरी जिस प्रकार भारतीय दण्ड संहिता में समझा जाता है, के अर्थ को समझाकर लिखिए । 20

(ब) 'अ' ने अपने मकान के बाहर किन्तु बिना बाड़ के बाउन्ड्री के अन्दर बने शौचालय की दीवारों पर अतिचारियों को हतोत्साहित करने के लिये जीवित बिजली का तार (जिसमें बिजली करन्ट है) लगा रखा है । 'ब' बिना 'अ' के जानकारी तथा सहमति के शौचालय जाता है, करन्ट वाले बिजली के तार के सम्पर्क में आ जाता है तथा गम्भीर रूप से घायल हो जाता है । 'ब' , 'अ' के प्रति आपराधिक मामला आरम्भ करता है तथा क्षतिपूर्ति का वाद भी दायर करता है । अपराध एवं दुष्कृत में 'अ' के दायित्व का निर्धारण कीजिए । 20

(a) Explain meaning of theft as it is understood under Indian Penal Code.

(b) 'A' installs live electric wires on the wall of latrine constructed outside his house but within unfenced boundary in order to discourage trespassers to use the latrine. 'B' without the permission and knowledge of 'A' goes to use the latrine, comes into contact of the live electric wire and gets severely injured. 'B' initiates criminal case against 'A' and also files suit against him for compensation. Decide liability in crime and tort.

4. (अ) रिष्टि के आवश्यक तत्त्वों को समझाकर लिखिए । 'अ' एक नाव की रस्सी जिससे वह नदी के किनारे पेड़ से बंधी हुई है खोल देता है, यह जानते हुए कि रस्सी खुल जाने पर नाव धारा में बह जायेगी । नाव बह जाती है । क्या 'अ' ने कोई अपराध किया है ? 20

(ब) एक सड़क दुर्घटना में 'ब' एवं इसके दो बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो जाते हैं । उनको एक अस्पताल में भर्ती कराया जाता है । एक घण्टे पश्चात् 'ब' की पत्नी एवं दोनों बच्चों की माँ 'अ' को जो उस समय घर पर थी, दुर्घटना एवं अस्पताल में भर्ती कराये जाने के बारे में बताया जाता है । वह अस्पताल पहुँचती है और अपने पति एवं बच्चों को पट्टियों में बंधे हुये देखती है उसे तन्त्रिका घात लगता है । क्षतिपूर्ति के लिये वाद दायर करती है। क्या वह सफल होगी ? कारण बताइए । 20

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

(a) Explain essential elements of mischief. 'A' unties the rope of a boat with which it was tied with a tree on the bank of a river, knowing that the boat will be cast away by the tides. The boat is cast away. Has 'A' committed any offence ?

(b) A road accident takes place wherein 'B' and his two children are severely injured. They were admitted to a hospital. One hour later 'A', wife of 'B' and mother of the two injured children who was at home at the time of accident, is informed about the accident and the fact that injured are in hospital. She reaches the hospital and after seeing her husband and the children in bandages, suffers nervous shock. She files a suit for compensation. Will she succeed ? Give reasons.

## भाग - ब

## PART – B

5. निम्नलिखित की विवेचना कीजिए :

(अ) माल में स्वत्व माल के साथ हस्तांतरित होता है । 10

(ब) भागीदारों का आपस में एवं फर्म के साथ सम्बन्ध । 10

(स) सामान्य प्रस्ताव से सम्बन्धित नियम । 10

(द) वे परिस्थितियाँ जिनमें एक संविदात्मक दायित्व का अन्त हो जाता है । 10

Discuss the following :

(a) Property in the goods passes with the goods.

(b) Inter relationship of partners and with the firm.

(c) Rules relating to general offer.

(d) Circumstances under which a contractual obligation is discharged.

6. (अ) दृष्टांत सहित चर्चा कीजिए कि किस समय प्रस्ताव और उसकी स्वीकृति का सन्देशन किस समय पूर्ण होता है । 20

(ब) भागीदारी की परिभाषा दीजिए तथा इसके आवश्यक तत्त्वों को समझाकर लिखिए । 20

(a) Discuss with illustration, when communication of offer and acceptance becomes complete.

(b) Define partnership and explain its essential elements.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

7. (अ) परक्राम्य लिखत की परिभाषा दीजिए तथा दृष्टांत सहित यह भी बताइए कि यह कितने प्रकार का होता है । 20

'अ' निम्नलिखित को लिखता है, हस्ताक्षर करता है और 'ब' को दे देता है :

"मैं 'ब' को एक धनराशि जो रु. 10,000/- से अधिक नहीं होगी, देने का वचन देता हूँ ।"

क्या यह वचनपत्र है ? कारण बताइए ।

(ब) "बिना प्रतिफल के संविदा शून्य होता है ।" समझाकर लिखिए । 20

(a) Define negotiable instruments and also discuss what are various kinds of negotiable instruments with illustration.

'A' writes the following, signs and gives it to 'B' :

"I promise to pay an amount not more than Rs. 10,000 to 'B'."

Is it Promissory Note ? Give reasons.

(b) "A contract without consideration is void." Explain.

8. (अ) संविदा भंग की दशा में क्षतिपूर्ति निर्धारण सिद्धांत की चर्चा कीजिए । 20

(ब) अदत्त विक्रेता के क्या अधिकार हैं ? चर्चा कीजिए ।

'अ' कुछ माल 'ब' को विक्रय करने के लिए सहमत होता है एवं 'ब के अनुरोध पर माल रेल द्वारा भेज देता है । माल उस रेलवे स्टेशन पर पहुँचता है जहाँ के लिए बुक किया गया था । 'ब' वादे के अनुसार माल का भुगतान नहीं करता है । 'अ' माल को 'ब' को परिदान देने से रोक देता है । क्या 'अ' इस समय यह कर सकता है ? कारण बताइए । 20

(a) Discuss principles of assessment of compensation in case of breach of contract.

(b) Discuss what are rights of an unpaid seller.

'A' agrees to sell 'B' certain goods and at the request of 'B' those goods are sent by rail. Goods reach the railway station wherefor it was booked. 'B' does not pay as promised. 'A' stops the goods to be delivered to 'B'. Can 'A' do this at this stage ? Give reasons.

---